NMD

बाजदायरी प्रा०पत्र स्वीकार 15/7/2019

APP-A

Crim-1

FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

प्रभु पुत्र मुवालाल जाति बनाम सुगनी पुत्री हीरा जाति ... जाति

... नि. बेतवडी तह. नसीराबाद ... नि.ग्रा. बेतवडी तह. नसीराबाद ...

किस्म मुकदमा अपील नम्बर 239/2019 सन् 2019 (नसीराबाद)

बाजदायरी प्रार्थनापत्र (ग्राम बेतवडी)

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुए
पेशी 15.7.19	श्री मोहम्मद इकबाल श्री यह प्रार्थना पत्र बाजदायरी श्री मोहम्मद इकबाल एड़वोकेट ने न्यायालय हाजा द्वारा दिनांक 02.04.2019 को अपील को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने के विरूद्ध पेश किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश हुआ। प्रार्थना पत्र बाजदायरी मियाद बाहर पेश किया गया, जिसमें समर्थन में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम एवं शपथ पत्र पेश किया, जिस पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी के प्रस्तुत कथन एवं शपथ पत्र पर विश्वास करते हुए, प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम को स्वीकार किया जाता है तथा बाजदायरी प्रार्थना पत्र को अन्दर मियाद शुमार किया जाता है।प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। तत्पश्चात प्रार्थना पत्र बाजदायरी पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई।अभिभाषक प्रार्थी की बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया । बाद अवलोकन न्यायहित में बाजदायरी प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर अपील का निस्तारण गुणावगुण पर करना उचित समझते है किन्तु अभिभाषक प्रार्थी, अपील में रेस्पोडेन्टस की तलबी हेतु नोटिस जरिये रजिस्टर्ड एडी आवश्यक रूप से पेश करेगें। अतः प्रार्थना पत्र बाजदायरी को न्यायहित में स्वीकार किया जाता हैं तथा अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थना पत्र फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों। (हस्ताक्षर) राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	